# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

11 जून 2023, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वेल्लोर, तमिलनाडु में आयोजित रैली में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**2024 में फिर से एक बार 300 से अधिक सीटों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनेगी। मैं आपसे विनती करने आया हूँ कि देश भर में जारी प्रधानमंत्री जी की विकास यात्रा में आप भागीदार बनिए और तमिलनाडु में 25 से अधिक सीटों पर भाजपा को विजयी बनाइये।**

********************

**यूपीए की कांग्रेस-डीएमके सरकार के 10 साल भ्रष्टाचार, अराजकता, निष्क्रियता और तुष्टिकरण के रहे। मोदी सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के हैं। यूपीए सरकार में 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले हुए लेकिन बीते 9 वर्षों में मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है।**

********************

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के नए संसद भवन का लोकार्पण किया और इसमें हमारी विरासत और संस्कृति के प्रतीक चोल साम्राज्य की परंपरा के सेंगोल को स्थापित किया।**

********************

**मोदी जी जब भी विदेश जाते हैं तो अपने भाषणों में महान तमिल भाषा को उद्धृत करते हैं, महान तमिल संतों एवं कवियों के बारे में दुनिया को बताते हैं और तमिल संस्कृति की महानता की चर्चा करते हैं। काशी और सौराष्ट्र में तमिल संगमम का आयोजन इस दिशा में उठाये गए महत्वपूर्ण कदम हैं।**

********************

**आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने काशी तमिल संगमम में भारत की 13 भाषाओं में तिरुक्कुरल का अनुवाद करके इसे घर-घर में पहुंचाने का कार्य किया है। पिछले महीने ही आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पापुआ न्यू गिनी गए थे तो तिरुक्कुरल का वहां की स्थानीय भाषा में अनुवाद करके विदेश में भी पहुंचाया है।**

********************

**10 साल तक डीएमके, कांग्रेस की यूपीए सरकार में रही। इससे पहले भी डीएमके केंद्र सरकार में रही लेकिन सीएपीएफ, नीट और अखिल भारतीय सेवा परीक्षा सहित अन्य परीक्षाओं में तमिल बच्चों को तमिल में पेपर लिखने की सुविधा नहीं दिला पाई। ये सुविधा मोदी सरकार ने दिलाई।**

********************

**यूपीए की कांग्रेस-डीएमके सरकार में तमिलनाडु को डिवोल्यूशन फंड के रूप में लगभग 95 हजार करोड़ रुपए मिला था जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने तमिलनाडु को पिछले नौ वर्ष में लगभग 2.47 लाख करोड़ रुपये का डिवोल्यूशन फंड दिया है।**

********************

**कांग्रेस-डीएमके नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में तमिलनाडु को दस साल में ग्रांट इन एड लगभग 58 हजार करोड़ रुपए मिला जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार में नौ वर्ष में ग्रांट इन एड में तमिलनाडु को 2.31 लाख करोड रुपए मिले, जो यूपीए सरकार की तुलना में चार गुना ज्यादा है।**

********************

**तमिलनाडु में 56 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है, जल जीवन मिशन के तहत लगभग 84 लाख कनेक्शन लगाकर 1.26 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचा है, 62 लाख शौचालय बनाये गए हैं और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग एक करोड़ भाई-बहनों को मुफ्त अनाज मिल रहा है।**

********************

**18 साल तक डीएमके केन्द्र की सत्ता में रही, क्यों तब तमिलनाडु को एम्स नहीं मिला? डीएमके जनता को इसका जवाब दे। एम्स के मेडिकल कॉलेज के दो बैच की टेम्परररी कैंपस में पढाई शुरू हो गई है। एम्स मेडिकल कॉलेज अभी दो टैम्परररी कैंपस में चल रहा है। जल्द ही एम्स का निर्माण भी शुरू होगा।**

********************

**डीएमके ने केवल और केवल भ्रष्टाचार किया है, काम कुछ नहीं। भारत सरकार ने तमिलनाडु के 11 जिलों में 11 मेडिकल कॉलेज बने हैं जिसमें 1450 से अधिक बच्चों की पढ़ाई शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ क्लासिक तमिल का नया कैंपस बनाया है। यहाँ एक डिफेंस कॉरिडोर भी बन रहा है।**

********************

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तमिलनाडु को दो वंदे भारत ट्रेन दी है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने लगभग 1260 करोड़ रुपए की लागत से चेन्नई इंटरनेशनल एअरपोर्ट में नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल भवन का लोकापर्ण किया।**

********************

**कांग्रेस और डीएमके, दोनों ही 2G, 3G और 4G पार्टी है। 2G मतलब टू जेनरेशन, 3G मतलब थ्री जेनरेशन और 4G मतलब फोर जेनरेशन की पार्टी। अब तमिलनाडु से 2G, 3G और 4G को निकाल कर तमिलनाडु के धरती के बेटे को प्रदेश का शासन देने का समय आ गया है।**

********************

**मारन परिवार 2G है। इसके दो जेनरेशन राजनीति में भ्रष्टाचार कर रहे हैं। करुणानिधि परिवार 3G है। मतलब इनके तीन जेनरेशन राजनीति में आकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। राहुल गाँधी का परिवार 4G है, ये अपने परिवार के चौथे जेनरेशन हैं और भ्रष्टाचार की राजनीति कर रहे हैं।**

********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को वेल्लोर, तमिलनाडु में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री के अन्नामलाई, श्री एसी षण्मुखम, श्री वीके सिंह, डॉ पी सुधाकर रेड्डी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। श्री शाह ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय से वेल्लोर की दोनों लोक सभा सीट भाजपा की झोली में डालने की अपील की। उन्होंने दुनिया की सबसे महान भाषा तमिल में नहीं बोल पाने के लिए लोगों से क्षमा मांग कर अपने उद्बोधन की शुरुआत की।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे हुए हैं, इसलिए इस अवसर पर मैं तमिलनाडु की जनता को धन्यवाद देने आया हूँ। **कांग्रेस की यूपीए सरकार के 10 साल भ्रष्टाचार, अराजकता, निष्क्रियता और तुष्टिकरण के रहे। उस सरकार में डीएमके भी सहभागी थी। डीएमके के**

**समर्थन से चलने वाली कांग्रेस की यूपीए सरकार के 10 वर्षों में लगभग 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले हुए लेकिन बीते 9 वर्षों में श्री नरेन्द्र मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने भारत को सुरक्षित, समृद्ध और निर्णायक राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित किया है। **आजादी के अमृत काल में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश के नए संसद भवन का लोकार्पण किया और इसमें हमारी विरासत और संस्कृति के प्रतीक चोल साम्राज्य की परंपरा के सेंगोल को स्थापित किया है। 2024 में फिर से केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनने वाली है। मैं आपसे विनती करने आया हूँ कि मोदी जी की देश भर में जारी विकास यात्रा में आप भागीदार बनिए और तमिलनाडु में 25 से अधिक सीटों पर भाजपा को विजयी बनाइये। हमारे प्रदेश अध्यक्ष श्री के अन्नामलाई ने जिस प्रकार से संगठन चला रहे हैं, उससे उम्मीद है कि 25 से ज्यादा सीटें भाजपा उम्मीदवार को जिताएगी और केंद्र सरकार में तमिलनाडु से मंत्री बनेंगे।**

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी ने महान तमिल भाषा, इतिहास और यहाँ की संस्कृति के लिए ढेर सारे काम किये हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी जब भी किसी दूसरे देश जाते हैं तो अपने भाषणों में महान तमिल भाषा को उद्धृत करते हैं, महान तमिल संतों एवं कवियों के बारे में दुनिया को बताते हैं और तमिल संस्कृति की महानता की चर्चा करते हैं। हाल ही में काशी और सौराष्ट्र में तमिल संगमम करके उत्तर प्रदेश और गुजरात में तमिल साहित्य, तमिल संस्कृति, खान-पान और तमिल परंपरा को लोकप्रिय बनाया है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने काशी तमिल संगमम में भारत के 13 भाषाओं में तिरुक्कुरल का अनुवाद करके इसे घर-घर में पहुंचाने का कार्य किया है। पिछले महीने ही आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पापुआ न्यू गिनी गए थे तो तिरुक्कुरल का वहां की स्थानीय भाषा में अनुवाद करके विदेश में भी पहुंचाया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **10 साल तक डीएमके, कांग्रेस की यूपीए सरकार में रही। इससे पहले भी डीएमके केंद्र सरकार में रही लेकिन सीएपीएफ, नीट और अखिल भारतीय सेवा परीक्षा सहित अन्य परीक्षाओं में तमिल बच्चों को तमिल में पेपर लिखने की सुविधा नहीं दिला पाई। ये श्री नरेन्द्र मोदी सरकार है जिसने तमिल भाषा में छात्रों को पेपर देने की सुविधा दिलाई है।** चीन के राष्ट्रपति जब भारत आने वाले थे तो वे किसी एक ही राज्य में जाने वाले थे, तब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तमिलनाडु को चुना और तमिलनाडु के पर्यटन को बढ़ाया है।

श्री शाह ने कहा कि **तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने सार्वजनिक रूप से सवाल पूछा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 9 वर्षों में तमिलनाडु के लिए क्या किया है? मैं तमिलनाडु 9 वर्षों के कामकाज का हिसाब देने आया हूँ।** स्टालिन जी, आपमें हिम्मत है तो इसका जवाब दीजियेगा। **2004 से 2014 तक डीएमके, कांग्रेस की यूपीए सरकार में हिस्सेदार थी। उस वक्त स्टालिन की पार्टी के नेता यूपीए सरकार में मंत्री भी थे, तब केंद्र सरकार से तमिलनाडु को डिवोल्यूशन फंड के रूप में लगभग 95 हजार करोड़ रुपए मिला था जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने तमिलनाडु को पिछले नौ वर्ष में लगभग 2.47 लाख करोड़ रुपये का डिवोल्यूशन फंड दिया है। कांग्रेस-डीएमके नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में तमिलनाडु को दस साल में ग्रांट इन एड लगभग 8 हजार करोड़ रुपए मिला जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार में नौ वर्ष में ग्रांट इन एड में तमिलनाडु को 2.31 लाख करोड रुपए मिले, जो यूपीए सरकार की तुलना में चार गुना ज्यादा है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **पिछले 9 वर्षों में लगभग 58 हजार करोड़ रुपये की लागत से तमिलनाडु में लगभग 2,252 किलोमीटर नेशनल हाईवे का काम पूरा हुआ है और लगभग 3,790 किमी सड़कों का निर्माण हुआ है। मोदी सरकार लगभग 3 हजार करोड़ रुपए की लागत से ईस्टर्न कोस्टल हाईवे बनवा रही है।** 50 हजार करोड़ रुपए की लागत से चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेस-वे बन रहा है। चेन्नई मेट्रो फेज - I और फेज - II के लिए लगभग 72 हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं। चेन्नई, रामेश्वर, मदुरई सहित कई रेलवे स्टेशन को नया बनाया जा रहा है। **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तमिलनाडु को दो वंदे भारत ट्रेन चेन्नई-मैसूरु-बेंगलुरु और चेन्नई-कोयम्बटूर दी है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने लगभग 1260 करोड़ रुपए की लागत से चेन्नई इंटीग्रेटेड**

**एयरपोर्ट भवन का लोकापर्ण किया है। केंद्र सरकार ने 1 हजार करोड़ रुपए की नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन योजना शुरू की है।**

श्री शाह ने कहा कि **तमिलनाडु के लगभग 56 लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जल जीवन मिशन के तहत राज्य के लगभग 84 लाख घरों में नल से जल पहुंचाया जा रहा है। आयुष्मान भारत के तहत तमिलनाडु के लगभग ढाई करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। प्रदेश में लगभग 62 लाख शौचालय बनाये गए हैं। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत तमिलनाडु के लगभग एक करोड़ भाई-बहनों को मुफ्त अनाज मिल रहा है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ क्लासिक तमिल का नया कैंपस बनाया है।** मुझे सवाल पूछा गया कि मदुरई एम्स क्यों नहीं बना है? **मैं पूछना चाहता हूँ कि 18 साल तक डीएमके केन्द्र की सत्ता में रही, क्यों तब तमिलनाडु को एम्स नहीं मिला? डीएमके तमिलनाडु की जनता को इसका जवाब दे। एम्स के मेडिकल कॉलेज के दो बैच की टेम्परारी कैंपस में पढाई शुरू हो गई है। एम्स मेडिकल कॉलेज अभी दो टैम्परारी कैंपस में चल रहा है। जल्द ही एम्स का निर्माण भी शुरू होगा।** लेकिन, डीएमके जवाब दे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एम्स तो दिया किन्तु जब आप 18 साल तक केंद्र की सत्ता में भागीदार रहे, तब आप तमिलनाडु में एम्स क्यों नहीं लाये? **डीएमके ने केवल और केवल भ्रष्टाचार किया है, काम कुछ नहीं।** ईएसआईसी का मेडिकल कॉलेज कोयंबटूर में बन रहा है जिसके लिए केंद्र सरकार ने लगभग 1500 करोड़ रुपये दिए हैं। **भारत सरकार ने तमिलनाडु के 11 जिलों में 11 मेडिकल कॉलेज दी हैं जिसमें 1450 से अधिक बच्चों की पढ़ाई शुरू हो गई है।**

श्री शाह ने कहा कि **श्री नरेन्द्र मोदी सरकार देश में दो डिफेंस कॉरिडोर बना रही है जिसमें से एक तमिलनाडु में बन रहा है। इससे ढेर सारा निवेश तमिलनाडु में आएगा। कांग्रेस और डीएमके, दोनों ही 2G, 3G और 4G पार्टी है। 2G मतलब टू जेनरेशन, 3G मतलब थ्री जेनरेशन और 4G मतलब फोर जेनरेशन की पार्टी। मारन परिवार 2G है। इसके दो जेनरेशन राजनीति में भ्रष्टाचार कर रहे हैं। करुणानिधि परिवार 3G है। मतलब इनके तीन जेनरेशन राजनीति में आकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। राहुल गाँधी का परिवार 4G है, ये अपने परिवार के चौथे जेनरेशन हैं और भ्रष्टाचार की राजनीति कर रहे हैं। अब तमिलनाडु से 2G, 3G और 4G को निकाल कर तमिलनाडु के धरती के बेटे को प्रदेश का शासन देने का समय आ गया है**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पूरा भारत कह रहा है कि कश्मीर हमारा है लेकिन कांग्रेस और डीएमके धारा 370 को हटाने के विरोध में थी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को कलम के एक झटके से धारा 370 को निरस्त कर दिया और आज जम्मू-कश्मीर भारत के अभिन्न अंग के रूप में प्रतिस्थापित हुआ है। **2024 में फिर से एक बार 300 से अधिक सीटों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनेगी। मैं आपसे विनती करने आया हूँ कि आप तमिलनाडु से 25 से ज्यादा एनडीए के साथी को जिताकर देश की संसद में भेजें। सेंगोल के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देने के लिए एनडीए के साथी को संसद भेजिए।**

*****************************